

पेज -3 पर

नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

RNI No. CHHHIN/2009/35020

◆ वर्षः -14 ◆ अंकः 215 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्यः 2 ₹ ◆ पृष्ठ : 4

धरमजयगढ़, मंगलवार 14 जून 2022

सुकमा के जसराज जैन रायपुर में होंगे सम्मानित

जिले में बाल उन्मूलन सप्ताह 20 जून तक

पेज -4 पर



JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in

## एक नजर

### मुख्यमंत्री ने कबीर जयंती की दी बधाई



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 14 जून को संत कबीर की जयंती पर प्रदेशवासियों को बधाई दी है। अपने बधाई संदेश में श्री बघेल ने कहा है कि संत कबीर साहेब का जीवन दर्शन हर युग में प्रासंगिक है। संत कबीर ने अपने दोहों के माध्यम से भाईचारे, प्रेम, सद्भावना और सामाजिक समानता का संदेश दिया। उन्होंने समाज में फैले आडंबर और जात-पात का सख्त विरोध किया। अपने दोहों के माध्यम से उन्होंने सामाजिक कुरीतियों पर कठोर प्रहार किया और लोगों को सत्य, अहिंसा, दया, करूणा, परोपकार जैसे मानवीय मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा दी। छत्तीसगढ़ में भी संत कबीर के जीवनदर्शन का लोगों के जन-जीवन पर गहरा प्रभाव रहा है।

### शराब पीते आपस में भिड़ गए युवक

**रायपुर ।** त्रिमूर्ति नगर रेलवे पटरी के किनारे शराब पीने के दौरान मामूली विवाद पर एक युवक ने दूसरे युवक पर धारदार हथियार से हमला कर चोट पहुंचाया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी तुषार बाग 19 वर्ष अपने दोस्तों के साथ त्रिमूर्ति नगर स्थित रेलवे पटरी के किनारे बैठकर शराब पी रहा था। तभी किसी बात को लेकर उनका आपस में विवाद हो गया।

## पढ़ाई को रोचक बनाने के लिए शिक्षा विभाग का नया प्रयोग, छात्रों को आसपास घुमाने भी ले जाएंगे

रायपुर। छत्तीसगढ़ में नए शिक्षा सत्र से बस्ता विहीन स्कूल का प्रयोग शुरू हो सकता है। शिक्षा विभाग ने स्कूलों में किसी-किसी दिन छात्रों के लिए बस्ता नहीं लाने वाला दिन घोषित करते रहने का निर्देश जारी किया है।

इस दिन बिना स्कूल बैग के स्कूल पहुंचे बच्चों को स्थानीय कारीगरों, मजदूरों, व्यवसायियों का काम दिखाने की व्यवस्था की जाएगी ताकि वे इन व्यवसायों से परिचित हो सकें। स्कूल शिक्षा विभाग ने नए शिक्षा सत्र में बच्चों की उपस्थिति पर विशेष जोर दिया है। सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को जारी निर्देश में कहा गया है, कोरोना लॉकडाउन की वजह से बच्चों की शाला में नियमित उपस्थिति की आदत में बदलाव



**छत्तीसगढ़ में कभी-कभी बिना स्कूल बैग का स्कूल**

हुआ है। ऐसी स्थिति में आगामी शिक्षा सत्र में बच्चों की नियमित उपस्थिति के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। सभी स्कूलों में कुछ दिनों विशेषकर अवकाश के दौरान उनके आसपास के विभिन्न व्यवसायों से परिचित करवाने कहा गया है। इसके लिए ऐसे आवश्यक एवं उपयोगी कौशलों के विकास के लिए स्थानीय कुशल कामगारों के साथ बच्चों को मिलवाया जाएगा। बस्ताविहीन दिनों का आयोजन कर बच्चों को विभिन्न उपयोगी कौशल सीखने के समुचित अवसर दिए जाएंगे। स्कूल शिक्षा विभाग ने शाला प्रबंधन समिति के माध्यम से समुदाय की बैठक लेकर उन्हें अपने बच्चों को नियमित शाला में भेजे जाने के लिए प्रेरित करने को भी कहा है।

### कई दिन नहीं आए तो घर पहुंचेंगे साथी

जिला शिक्षा अधिकारियों को कहा गया है, नियमित शत-प्रतिशत उपस्थिति वाले बच्चों की पहचान कर प्रतिमाह ऐसे बच्चों को पुरस्कृत करने की दिशा में कार्य किया जाए। अनियमित उपस्थिति वाले विद्यार्थियों के घरों में दूसरे विद्यार्थियों को भेजकर कारणों का पता लगाने की कोशिश करना है। उनके पालकों को सूचित कर बच्चों को नियमित स्कूल भेजे जाने की आवश्यक व्यवस्थाएं की जाए। प्रधानाध्यापक इस बात पर विशेष ध्यान दें कि कोई भी कक्षा खाली न जाए। लगातार कक्षाएं नहीं होने की वजह से बच्चे धीरे-धीरे स्कूल आना छोड़ देते हैं। शिक्षक भी कक्षा में नियमित रूप से उपस्थित रहें और अपनी कक्षाओं को रोचक एवं व्यावहारिक तरीके से संचालित करने का प्रयास करें।

**राहुल गांधी की पेशी पर संग्राम**

## दिल्ली पुलिस ने लगाई धारा 144, सत्याग्रह मार्च पर अड़ी कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेशी के दौरान कांग्रेस के प्रस्तावित मार्च से पहले दिल्ली पुलिस ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय के आसपास अपराध प्रक्रिया संहिता की धारा 144 लगा दी और कहा कि इसका उल्लंघन नहीं किया जाए। वहीं, कांग्रेस पार्टी ने दिल्ली में अघोषित आपातकाल बताते हुए सत्याग्रह मार्च के फैसले पर आगे बढ़ने की बात कही है। पार्टी के कई बड़े नेताओं की मौजूदगी में पार्टी दिल्ली में शक्ति प्रदर्शन को तैयार है।

इसके लिए पार्टी के सांसदों और वरिष्ठ नेताओं को दिल्ली बुलाया गया है। नई दिल्ली क्षेत्र के पुलिस उपायुक्त की ओर से जारी आदेश में कहा गया है, 'धारा 144 लगाई गई है। आप लोगों से आग्रह है कि इसका उल्लंघन नहीं करें, अन्यथा



कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।' पुलिस ने कांग्रेस के मुख्यालय के ईद-गिर्द के रास्तों पर अवरोध लगा दिए हैं।

### 23 जून को सोनिया गांधी भी तलब

ईडी ने 'नेशनल हेराल्ड' से जुड़े कथित मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में राहुल गांधी को पूछताछ के लिए बुलाया है। जांच एजेंसी ने इससे पहले राहुल गांधी को 2 जून को पेश होने के लिए कहा था, लेकिन उन्होंने पेश होने के लिए कोई दूसरी तारीख देने का अनुरोध करते हुए कहा था कि वह देश से बाहर हैं। जांच एजेंसी ने इसी मामले में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को 23 जून को तलब किया है। पहले उन्हें आठ जून को पेश होने के लिए नोटिस दिया गया था। हालांकि कांग्रेस अध्यक्ष ने पेश होने के लिए और समय मांगा था क्योंकि वह कोरोना वायरस से संक्रमित हैं तथा अब तक स्वस्थ नहीं हुई हैं।

### सुरजेवाला बोले- हम संविधान के रक्षक

दिल्ली पुलिस की ओर से अनुमति दिए जाने के इनकार के बाद पार्टी के प्रवक्ता रंदीप सुरजेवाला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सत्याग्रह मार्च पर अडिग है। कांग्रेस पार्टी ने देशभर में सत्याग्रह मार्च की तैयारी की है तो बीजेपी ने इसे फर्जी सत्याग्रह करार दिया है। सुरजेवाला ने सोमवार सुबह एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'हम राहुल गांधी के नेतृत्व में ईडी ऑफिस तक शांतिपूर्ण मार्च निकालेंगे। हम संविधान के रक्षक हैं। हम ना डरेंगे और ना झुकेंगे। बड़ी संख्या में पुलिसफोर्स को तैनात करके मोदी सरकार ने साबित कर दिया है कि वह कांग्रेस से हिली हुई है।

**रायपुर में ईडी दफ्तर के बाहर हंगामा**

## राहुल के समर्थन में स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर पहुंचे कांग्रेसी

**रायपुर।** राहुल गांधी के समर्थन में कांग्रेस ने रायपुर में भी प्रदर्शन किया है। पचपेड़ी नाका के पास पुजारी पार्क स्थित प्रवर्तन निदेशालय-श्वष्ठ के कार्यालय के बाहर कांग्रेस ने खूब हंगामा किया। पहले तो सड़क की दूसरी तरफ धरना दिया। बाद में कांग्रेस नेताओं का पूरा मोर्चा कार्यालय परिसर में पहुंच गया। वहां पुलिस ने बैरिकेड लगाकर रोका तो प्रदर्शनकारी नेता बैरिकेड पर चढ़ गए।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम की अगुवाई में कांग्रेस नेता 11 बजे के बाद टिकरापारा के पास पुजारी पार्क पहुंचे। वहां सड़क की दूसरी तरफ पंडाल में बैठकर नेताओं ने सत्याग्रह शुरू किया। कोई भाषण नहीं हुआ। सभी ने अपने हाथ में राहुल गांधी के समर्थन में तख्तियां पकड़ी हुई थीं। इस दौरान नारेबाजी जारी रही। बाद में महात्मा गांधी के प्रिय भजनों में से



### जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा

बाद में कांग्रेस नेताओं ने जिला प्रशासन के अफसर को एक ज्ञापन सौंपा। राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन में श्वष्ठ की कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग की गई थी। ज्ञापन में कार्रवाई को द्वेषपूर्ण बताया गया है।

एक 'रघुपति राघव राजा राम, पतित पावन सीता राम' की धुन बजती रही। इस दौरान माहौल बिल्कुल शांत रहा। सड़क के दूसरी तरफ पुजारी पार्क परिसर के बाहर पुलिस ने सुरक्षा घेरा बना रखा था। दोपहर 12.30 बजे के बाद सत्याग्रह पर बैठे नेताओं ने उठकर पुजारी पार्क परिसर की ओर कूच कर दिया। पुलिस ने वहां बैरिकेड कर उनका रास्ता रोका। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने यहां बैरिकेड तोड़ने की कोशिश की। प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम खुद एक बैरिकेड पर चढ़कर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे।

**ईडी दफ्तर के बाहर मुख्यमंत्री भूपेश हिरासत में**

## दिल्ली पुलिस से सीएम सुरक्षा अधिकारियों की नोकझोंक, विधायक विकास उपाध्याय भी गिरफ्तार

रायपुर/ नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय-श्वष्ठ के बाहर प्रदर्शन कर रहे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

इस दौरान मुख्यमंत्री के सुरक्षा अधिकारियों के साथ दिल्ली पुलिस की तीखी नोकझोंक भी हुई। बघेल कांग्रेस नेता राहुल गांधी के समर्थन में प्रदर्शन कर रहे थे। ऐसे ही एक प्रदर्शन में शामिल रायपुर से कांग्रेस विधायक विकास उपाध्याय को भी दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सुबह 10 बजे ही दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय पहुच गए थे। वहां प्रेस से बात करते हुए उन्होंने कहा, केंद्र सरकार, सरकारी



संस्थाओं के माध्यम से कांग्रेस के नेताओं को डराने की कोशिश कर रही है। हम डरने वाले नहीं हैं। कांग्रेस के कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर केंद्र की सरकार द्वारा की जा रही नफरत और डर की राजनीति को जनता तक पहुंचाएंगे। कांग्रेस, केंद्र सरकार द्वारा बढ़ाई गई महंगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्दों को आम जनता तक पहुंचाएगी। कांग्रेस मुख्यालय में राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित सभी बड़े नेता मौजूद थे। कुछ देर बाद वहां राहुल गांधी और प्रियंका गांधी भी पहुंचे। बाद में सभी लोग राहुल गांधी के साथ ही प्रवर्तन निदेशालय की ओर रवाना हुए। पुलिस की बेरीकेडिंग की वजह से प्रदर्शन कई टुकड़ों में बंट गया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को श्वष्ठ दफ्तर के बाहर सड़क पर डिटेन कर लिया गया। वहां पुलिस ने भारी बेरीकेट, गाड़ियां लगाई थीं। वहीं मुख्यमंत्री के चारो तरफ रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों की भारी तैनाती कर उनका कहीं भी जाना रोक दिया गया। मुख्यमंत्री के साथ मौजूद छत्तीसगढ़ पुलिस के जवानों ने उनको सुरक्षा घेरे में ले लिया। इस बीच दिल्ली पुलिस के अधिकारी सीएम को अपने साथ ले जाने की बात कहने लगे।

## सरेआम शराब पीते 26 आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**रायपुर ।** राजधानी पुलिस ने दूसरे दिन भी नशेडियों के खिलाफ अभियान चलाते हुए सरेआम शराब पीते 26 आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अभियान चलाते हुए गोलबाजार पुलिस ने धोबी गली शास्त्री बाजार के पास शराब का सेवन करते हुए आरोपी ताहिर बेग 38 वर्ष, शेख जमील 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह आजाद चौक पुलिस ने आरोपी गोलू ताण्डी 24 वर्ष, नरेश साहू 31 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी प्रकाश नौतानी 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी मिलाप निषाद 34 वर्ष, राजेश निषाद 32 वर्ष, दिनेश देवांगन 40 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

## विधानसभा उपाध्यक्ष ने रेत माफिया पर मारा छापा

**पुलिस जीप में बैठकर मौहूद खदान पहुंचे मनोज मंडावी; कहा-प्रशासन की मिलीभगत, शासन को बदनाम कर रहे**

कांकेर। छत्तीसगढ़ विधानसभा उपाध्यक्ष मनोज मंडावी ने रविवार देर रात अवैध रेत का खनन करने वालों पर छापा मारा। पुलिस की जीप में बैठकर विधानसभा उपाध्यक्ष मौहूद रेत खदान पहुंचे तो वहां कई ट्रक और दूसरे वाहनों के जरिए खनन चल रहा था। पुलिस को देखते ही तस्कर अपने वाहन छोड़कर भाग निकले।

विधानसभा उपाध्यक्ष ने इसके लिए प्रशासन की मिलीभगत बताई है। उन्होंने कहा कि शासन को प्रशासन बदनाम कर रहा है।

जानकारी के मुताबिक,





विधानसभा उपाध्यक्ष और भानुप्रतापुर से विधायक मनोज मांडवी को गांव वालों से शिकायत मिली थी कि देर रात अवैध रूप से रेत का उत्खनन किया जा रहा है। इसके बाद उन्होंने पुलिस को बताया और उनकी जीप में ही आगे बैठकर चारामा स्थित मौहूद रेत खदान में छापा मारा। पुलिस को आते देख अवैध उत्खनन में लगे लोगों में भगदड़ मच गई। इस दौरान पुलिस ने 7 हाइवा और 2 चेन माउंटेन जब्त किया है।

### खदान की लीज रद्द कराएंगे

विधायक मनोज मांडवी ने बताया की रात 10 बजे से लेकर सुबह 6 बजे तक रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है। ये रेत माफिया बिना फिट पास और नियमों को ताक में रखकर सैकड़ों घन मीटर रेत की खुदाई कर रहे हैं। उन्होंने अवैध उत्खनन में प्रशासन की मिली भगत का भी आरोप लगाया है। कहा कि खदान की लीज रद्द कराने की कार्रवाई करेंगे। ऐसा नहीं हुआ तो धरना देंगे। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा था कि पंचायत इसे संभालेगी, इसके बाद भी प्रशासन धड़ल्ले से रेत खनन करा रहा है।

### सीएम ने कहा था-अवैध उत्खनन हुआ तो कलेक्टर-SP जिम्मेदार

*दरअसल, नदियों में होने वाले अवैध उत्खनन को रोकने के लिए करीब 5 माह पहले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रेत माफिया के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए थे। कहा था कि माफिया पर कार्रवाई नहीं होने पर सीधे तौर पर कलेक्टर और SP जिम्मेदार होंगे। इसके बाद प्रशासनिक अफसरों ने लगातार कार्रवाई की, लेकिन फिर सब कुछ ठंडे बस्ते में चला गया।*

**अल्टीमेटम.. थानेदार बोले-कांड किया तो पहले टांगें तोड़ूं दूंगा**

## थाने में जमा 404 गुंडों को हड़काया, बोले- लिस्ट में तुम्हारे नाम है, अल्टीमेटम समझना

**रायपुर।** रायपुर की पुलिस इन दिनों एक्शन में नजर आ रही है। शहर के अलग-अलग गलियों से बदमाशों को दबोचने के बाद अब थाने बुलाकर गुंडों को हड़काया जा रहा है। पुलिस की तरफ से साफ तौर पर इलाके के बदमाशों को नसीहत दे दी गई है कि अगर किसी वारदात में शामिल पाए गए तो पुलिस छोड़ेगी नहीं । रायपुर के स्स्क्कप्रशांत अग्रवाल ने सभी थाने के प्रभारियों को सख्त हिदायत दे दी है। स्स्क्क ने थानेदारों को जिम्मेदारी दी है कि किसी भी इलाके में पुराने बदमाश अगर का कोई कांड करते पाए गए तो थानेदार के ऊपर भी



एक्शन होगा। लिहाजा थानेदार सख्ती बरतते हुए इलाके के बदमाशों को दो टूक फरमान सुना रहे हैं। ऐसा ही एक वीडियो भी सामने आया है, वीडियो में डीडी नगर थाने के नए प्रभारी कुमार गौरव बदमाशों से ये कहते हुए दिख रहे हैं कि अगर किसी कांड में शामिल पाए गए तो टांगे तोड़ दूंगा..।

जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

शहर के मौदहापारा, खमतराई, पुरानी बस्ती, गुढ़ियारी जैसे थानों में भी इसी तरह से बदमाशों को बुलाकर पुलिस ने सख्त अंदाज में अल्टीमेटम दे दिया है।

**404 पहुंचे थाने** - खास अभियान के तहत रायपुर के अलग-अलग थानों के बदमाशों को पुलिस का बुलावा मिला तो 404 निगरानी बदमाश थाने में पहुंचकर हाजिरी लगाने आए। पुलिस ने इस वक्त बदमाश कहां रह रहे हैं, क्या कर रहे हैं, इस तरह की तमाम जानकारी हासिल की। इलाकों में सर्चिंग भी की गई तब डेढ़ सौ ऐसे ही लिस्टेड बदमाश जेलों पाए गए। कुछ शहर से बाहर गए हुए हैं, उन्हें भी जल्द शहर लौटकर हर रोज थाने आकर हाजिरी देने को कहा गया है।

### 116 से ज्यादा गिरफ्तार

*एक दिन पहले ही रायपुर पुलिस की तरफ से चलाए गए स्पेशल चेकिंग अभियान के दौरान 68 केस में 78 आरोपियों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की गई, 7 मामलों में आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट, 1 केस में आरोपी के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट, 17 मामलों में 20 बदमाशों के खिलाफ जुआ सट्टा, 10 मामलों में 10 आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 116 बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।*

**देवयानी चिटफंड फॉड**

## 4.14 करोड़ इसी हफ्ते 10 हजार पीड़ितों के खाते में, जितना डूबा उसका 20% मिलेगा

**रायपुर।** देवयानी चिटफंड कंपनी के दस हजार पीड़ितों को 10 साल बाद उनके डूबे पैसे 17 जून को मिल जाएंगे। कंपनी की प्रॉपर्टी को बेचने से प्रशासन को 4.14 करोड़ मिले हैं। यही पैसे पीड़ितों को बांटे जाएंगे। हालांकि कंपनी में लोगों के करोड़ों रुपए डूबे हैं, लेकिन उसकी सारी प्रापर्टी बेचकर भी उतनी रकम जमा नहीं की जा सकी है, इसलिए रकम वापसी के लिए 20 फीसदी का फार्मूला तैयार किया गया है।

यानी लोगों के जितने पैसे डूबेंगे, उसका 20 फीसदी मुआवजा दिया जाएगा। इन सभी लोगों को कुल जमा रकम का 20 फीसदी राशि वापस की जाएगी। यह रकम सीधे




उनके बैंक खाते में ट्रांसफर की जाएगी। रायपुर में पहली बार किसी चिटफंड कंपनी के पीड़ितों को पैसे लौटाए जा रहे हैं। हालांकि आधा दर्जन कंपनियों की प्रॉपर्टी नीलामी की प्रक्रिया चल रही है। अफसरों ने पहले सभी कंपनियों के पैसे एक साथ पीड़ितों को बांटना तय किया था, लेकिन बाकी कंपनियों की प्रॉपर्टी नीलामी कानूनी प्रक्रिया की वजह से लेट हो रही है। स्थिति को देखते हुए फिलहाल देवयानी चिटफंड कंपनी के पीड़ितों के पैसे बांटने का निर्णय लिया गया। सभी पीड़ितों के पैसे उनके खाते में ट्रांसफर किए जाएंगे। कंपनी के पीड़ितों की संख्या ज्यादा है लेकिन उसके अनुपात में पैसे नहीं मिले हैं।

